## सार समाचार

### संत रविदास की प्रतिमा स्थापना समारोह आज

**रायसेन,देशबन्धु।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की पावन स्मृति और उनके समतामूलक विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रायसेन में 10 सितंबर को प्रतिमा स्थापना समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम गुरुवार सुबह 10: 30 बजे कलईपुरा वार्ड नंबर-17 स्थित संत रविदास मंदिर परिसर में होगा। भोपाल रोड पर कृषि उपज मंडी के सामने स्थित संत रविदास मंदिर परिसर में जयपुर से लाई गई करीब 3.5 फीट ऊंची संत रविदास जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा स्थापना भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी की ओर से कराई जा रही है। प्रतिमा स्थापना समारोह के दौरान समरसता भोज का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें सर्व समाज के लोग शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य संत रविदास जी के समानता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर श्रीराम परिसर में सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की व्यवस्थाओं और अलग-अलग जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा हुई। मौजूद लोगों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सहभागिता का संकल्प लिया। डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता और समाज को जोड़ने के लिए बेहद प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि समरसता केवल विचार नहीं, बल्कि उसे व्यवहार में उतारने का संकल्प है।

**जयपुर से लाई 3.5 फीट ऊंची प्रतिमा होगी स्थापित**

रायसेन-२

### मिश्र तालाब पर जीत किसी की नहीं, रायसेन की होनी चाहिए: मिश्र



**रायसेन,देशबन्धु।** मिश्र तालाब नगर की धरोहर है और इसके कायाकल्प को किसी संस्था के बीच श्रेय की प्रतिस्पर्धा नहीं बनाया जाना चाहिए। यह रायसेन के भविष्य और आने वाली पीढ़ियों से जुड़ा विषय है। समिति और नगर पालिका परिषद यदि कदम से कदम मिलाकर काम करें तो परिणाम कहीं अधिक प्रभावी होंगे।

यह बात रायसेन जिला विकास समिति के अध्यक्ष हरीश मिश्र 'वृक्ष मित्र' ने कही। उन्होंने कहा कि मिश्र तालाब के कायाकल्प की दिशा में समिति ने एक कदम रखा है और नगर पालिका परिषद ने दूसरा। दोनों पहल स्वागत योग्य हैं। अब आवश्यकता इस बात की है कि इन्हें प्रतिस्पर्धा के बजाय साझेदारी में बदला जाए।

मिश्र ने कहा कि पिछले वर्ष समिति द्वारा चलाए गए 'कदम-कदम पर कदंब' अभियान में लगाए गए कदंब पौधों को नगर पालिका परिषद ने सालभर पानी उपलब्ध कराया। यह पालिका की जिम्मेदारी थी, लेकिन अभियान के प्रति सहयोग की सराहनीय मिसाल भी रही। इसी भावना को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

समिति के संयोजक दीपक लोधी ने कहा कि 'कदम-कदम पर कदंब' और 'सरोवर हमारे—धरोहर हमारी' जैसे अभियान किसी एक संस्था के नहीं हैं। इनमें नगर के नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। समिति और नगर पालिका परिषद की संयुक्त बैठक आयोजित कर स्पष्ट कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए, जिसमें जिम्मेदारियां और समय-सीमा तय हों।

### जर्जर स्कूलों में पढ़ रहे नौनिहाल, हादसे का खतरा

# नरोदा में किराए के कमरों में लग रही कक्षाएं, उकायला स्कूल का प्लास्टर गिरा, फर्श उखड़ा;

### कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढने् वाले नौनिहालों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। कई स्कूल भवनों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहां ब'चों की कक्षाएं लगाना जोखिम भरा बना हुआ है। ग्राम नरोदा में स्कूल भवन जर्जर होने के कारण कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों की पढ़ाई दो अलग-अलग किराए के कमरों में कराई जा रही है। वहीं ग्राम उकायला के सरकारी स्कूल भवन का प्लास्टर लगातार गिर रहा है और फर्श पूरी तरह उखड़ चुका है। स्कूल के शौचालय भी बदहाल स्थिति में हैं। सरकारी स्कूलों की इस बदहाल स्थिति को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने बुधवार दोपहर कलेक्टर के नाम तहसीलदार अतुल श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। यह कार्रवाई युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे 'स्कूल बचाओ अभियानज् के तहत स्कूलों के निरीक्षण के बाद की गई है।

बाक्स-नरोदा में भवन नहीं, किराए के कमरों में पढ़ाई
ग्राम नरोदा के सरकारी स्कूल भवन की स्थिति बेहद खराब बताई गई है। भवन जर्जर होने के कारण ब'चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कक्षाएं किराए के दो अलग-अलग कमरों में संचालित की जा रही हैं। कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को इसी व्यवस्था के बीच पढ़ाई करनी पड़ रही है। कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यार्थियों के भविष्य और सुरक्षा को देखते हुए नरोदा में नए स्कूल भवन को तत्काल स्वीकृति दी जाए।

### उकायला में गिर रहा प्लास्टर, फर्श भी उखड़ा

ग्राम उकायला के सरकारी स्कूल भवन की हालत भी चिंता बढ़ाने वाली है। निरीक्षण के दौरान भवन का प्लास्टर जगह-



जगह से गिरने और फर्श के पूरी तरह उखड़ जाने की बात सामने आई। स्कूल के शौचालयों की स्थिति भी खराब है। ऐसे में विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है। कांग्रेस ने स्कूल भवन का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराकर आवश्यक मरम्मत कार्य को मंजूरी देने की मांग की है।

### कभी भी हो सकता है हादसा

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जर्जर स्कूल भवनों में ब'चों की कक्षाएं संचालित होना गंभीर चिंता का विषय है। भवनों की स्थिति को देखते हुए कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि ब'चों की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। प्रशासन को मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्थायी समाधान करना चाहिए। ज्ञापन में सुरक्षित पेयजल, उपयोग योग्य शौचालय और ब'चों के लिए सुरक्षित अध्ययन स्थल उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है।



कांग्रेस ने कहा कि जब तक स्कूल भवनों का निर्माण या मरम्मत पूरी नहीं हो जाती, तब तक विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए सुरक्षित वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था की जाए।

### मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन

नगर कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द स्कूल भवनों की स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए तो नगर कांग्रेस और युवा कांग्रेस आंदोलन करेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ब'चों की सुरक्षा और शिक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर प्रशासन की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यशवंत सिंह गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार में सरकारी विद्यालयों की स्थिति चिंताजनक हो गई है। कई स्कूल भवन क्षतिग्रस्त हैं और विद्यार्थी किराए के भवनों में पढने् को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि जर्जर भवनों की स्थिति कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसी गंभीर समस्या को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की गई है।

## बलात्कार के प्रकरण में 2 हजार रुपए का इनामी फरार आरोपी गिरफ्तार

### कोतवाली पुलिस की लगातार दबिश और सक्रिय मुखबिर तंत्र से मिली सफलता

विदिशा, देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक विदिशा श्री रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने बलात्कार के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे 2,000 रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

### प्रकरण का विवरण

दिनांक 16 दिसंबर 2025 को थाना कोतवाली, जिला विदिशा में अपराध क्रमांक 952/2026, धारा 70(1), 115(2), 351(3), 69 बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण दर्ज होने के बाद आरोपी आशीष तिवारी पिता राजेंद्र तिवारी, उम्र 27 वर्ष, निवासी नगतला राजपूत कॉलोनी, विदिशा लगातार फरार चल रहा था। आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक विदिशा द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर 2,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

### लगातार प्रयासों के बाद आरोपी गिरफ्तार

फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया था। इसी दौरान प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए इनामी फरार आरोपी आशीष तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है

### सराहनीय भूमिका

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी आनंद राज, उप निरीक्षक रणवीर सिंह, प्रधान आरक्षक विजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक भूपेंद्र शर्मा, आरक्षक आशीष रावत, आरक्षक अनिदेश सेंगर एवं आरक्षक शिशुपाल सिंह दांगी की सराहनीय भूमिका रही

### 12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**रायसेन,देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद रायसेन द्वारा नागरिकों को बकाया संपत्ति कर एवं जलकर जमा करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा कर दाताओं को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 12 सितंबर 2026 को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।लोक अदालत के दौरान बकाया संपत्ति कर एवं जलकर की राशि जमा करने वाले करदाताओं को शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार विशेष छूट का लाभ दिया जाएगा। नगर पालिका परिषद द्वारा नागरिको से अपील की गयी है की 12 सितंबर 2026 शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने संपत्ति कर एवं जलकर का भुगतान करें। समय पर कर जमा करना न केवल नागरिकों की जिम्मेदारी है, बल्कि इससे नगर के विकास एवं मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने में भी सहयोग मिलता है।

## सिरोंज विकासखंड की 27 गौशालाओं को 8.29 करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी

**सिरोंज,देशबन्धु।** निराश्रित और बेसहारा गौवंश के भरण-पोषण एवं बेहतर देखभाल के लिए शासन द्वारा सिरोंज विकासखंड की शासकीय और अशासकीय गौशालाओं को 8 करोड़ 29 लाख 75 हजार 730 रुपये की राशि जारी की गई है। गौ संवर्धन बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजीयन प्रारंभ होने से मार्च 2026 तक विकासखंड की 27 गौशालाओं को यह राशि प्रदान की गई है। इनमें 24 शासकीय और 3 अशासकीय गौशालाएं शामिल हैं। जारी राशि से गौशालाओं में गौवंश के लिए चारा, भूसा, दाना, पानी, शेड सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था और रखरखाव किया जाएगा। इसका उद्देश्य बेसहारा गौवंश को पर्याप्त आहार उपलब्ध कराने के साथ उनकी बेहतर देखभाल सुनिश्चित करना है। शासकीय गौशालाओं में ग्राम पंचायत छापू की स्वामी विवेकानंद गौशाला को 28 लाख 92 हजार 720 रुपये, खोदूपुर की श्री कामधेनु गौशाला को 9 लाख 92 हजार 240 रुपये, कांजीखेड़ी की गोपाल गौशाला को 1 करोड़ 20 लाख 79 हजार 320 रुपये, अनूपपुर की ग्राम पंचायत गौशाला को 51 लाख 6 हजार 180 रुपये, गोपाल नगर की श्री विष्णु गौशाला को 45 लाख 11 हजार 800 रुपये तथा संतोषपुर की श्री गौशाला समिति को 33 लाख 6 हजार 260 रुपये की राशि जारी हुई है।

इसी प्रकार भौरिया की समोनी गौशाला को 34 लाख 52 हजार 80 रुपये, इमलानी की उषापुरी गौशाला को 27 लाख 9 हजार 760 रुपये, दीकनाखेड़ा की श्री बांके बिहारी गौशाला को 31 लाख 18 हजार 200 रुपये, झंडवा की श्याम गौशाला को 24 लाख 86 हजार 920 रुपये, सोना की श्री राधाकृष्णम शरणम् गौशाला को 28 लाख 20 हजार 740 रुपये, कचनारिया की मोतीलाल गौशाला को 20 लाख 2 हजार 160 रुपये तथा पारधा की राधा रानी गौशाला को 26 लाख 65 हजार 80 रुपये जारी किए गए हैं।प्यासी की श्री सिद्ध बाबा गौशाला को 25 लाख 42 हजार 740 रुपये, धानोदा की स्वर्गीय श्री हुकम सिंह गौशाला को 24 लाख 56 हजार 940 रुपये, परसोरा की गोविंद गौशाला को 20 लाख 33 हजार 360 रुपये, बामोरीशाला की मां जानकी गौशाला को 19 लाख 74 हजार 310 रुपये, रतनबर्री की श्री कृष्ण गौशाला को 25 लाख 66 हजार 740 रुपये, सुल्तानपुर की श्री शिवनंदनी गौशाला को 24 लाख 31 हजार 460 रुपये, पामाखेड़ी की श्री शिवाजी गौशाला को 12 लाख 11 हजार 440 रुपये, देवपुर की श्री बाबा विश्वनाथ गौशाला को 30 लाख 40 हजार 320 रुपये, लिधौड़ा की श्री कृष्ण गौशाला को 28 लाख 48 हजार 80 रुपये, चुनियाखोह की सांवरिया सेठ गौशाला को 54 लाख 23 हजार 560 रुपये तथा भगवंतपुर की शासकीय गौशाला को 3 लाख 44 हजार 480 रुपये की राशि जारी हुई है।

वहीं सिरोंज की तीन अशासकीय गौशालाओं को भी सहायता राशि मिली है। इनमें श्री कृष्ण गौशाला को 46 लाख 86 हजार 80 रुपये, कामधेनु गौशाला को 7 लाख 90 हजार 760 रुपये और श्री दिगंबर जैन गौशाला को 24 लाख 82 हजार रुपये की राशि जारी की गई है।

### पारदी मोहल्ले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 12 आरोपियों पर शिकंजा

## सांची-सलामतपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने 3000 लीटर लाहन नष्ट किया, 141 लीटर से अधिक कच्ची व देशी शराब तथा तीन मोटरसाइकिलें जब्त



**सांची, देशबन्धु।** अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री तथा संपत्ति संबंधी अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए रायसेन पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सांची एवं सलामतपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक रायसेन आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक नायक के मार्गदर्शन में एसडीओपी रायसेन प्रतिभा शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने बुधवार तड़के ग्राम ज्ञानपुरा गुलगांव के पारदी मोहल्ले में सर्चिंग अभियान चलाया।

पुलिस के अनुसार सुबह करीब 4 बजे की गई कार्रवाई के दौरान अलग-अलग घरों में कच्ची शराब बनाने के लिए तैयार किया गया करीब 3000 लीटर लाहन मौके पर नष्ट किया गया। वहीं एक महिला के कब्जे से 7 लीटर कच्ची शराब बरामद कर कार्रवाई की गई। सर्चिंग के दौरान कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई।

कार्रवाई के दौरान सांची पुलिस ने धौल सिंह मोगिया के कब्जे से एक होंडा शाइन मोटरसाइकिल एवं 55.980 लीटर देशी शराब, निर्मल मोगिया से 5 लीटर, राजा मोगिया से 6 लीटर, पप्पू पिता राधे मोगिया से 5 लीटर तथा गोपाल उर्फ पराग मोगिया से 7 लीटर कच्ची शराब जब्त की। इनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए।

इसी प्रकार सलामतपुर पुलिस ने शेखर मोगिया एवं उमेश मोगिया के कब्जे से एक मोटरसाइकिल तथा देशी शराब, जबकि पप्पू उर्फ प्रकाश एवं अरुण उर्फ अजय मोगिया के कब्जे से एक मोटरसाइकिल जब्त की। रोकी मोगिया के कब्जे से 22 क्वार्टर तथा राजबाबू मोगिया के कब्जे से 24 क्वार्टर देशी शराब बरामद की गई।

पुलिस के मुताबिक कार्रवाई में कुल 141.26 लीटर शराब, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 68 हजार रुपए तथा तीन मोटरसाइकिलें, जिनकी कीमत करीब दो लाख रुपए है, जब्त की गईं। वहीं कार्रवाई के दौरान 3000 लीटर लाहन मौके पर नष्ट किया गया।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में कुछ के विरुद्ध पूर्व से मारपीट, वाहन चोरी एवं लूट जैसे अपराध तथा स्थायी वारंट लंबित थे। ऐसे फरार आरोपियों के विरुद्ध भी मौके पर कार्रवाई की गई।

फरार आरोपियों की धरपकड़ और अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

**12 आरोपियों पर कार्रवाई:** 7 3000 लीटर लाहन नष्ट 7 141.26 लीटर शराब जब्त 7 3 मोटरसाइकिलें जब्त 7 करीब 2.68 लाख रुपए की जब्ती

### बारिश थमी तो खेतों में तेज हुई उड़द की कटाई

## कम पैदावार ने किसानों की बढ़ाई चिंता, दो बीघा में 70-80 किलो ही निकल रही उड़द, सोयाबीन में येलो मोजेक का प्रकोप

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** विकासखंड क्षेत्र में बारिश का दौर थमने के बाद अब किसानों ने खेतों में पककर खड़ी उड़द की फसल को समेटने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। पिछले तीन दिनों से तेज धूप निकलने के बाद खेतों में सुबह से ही कटाई का काम शुरू हो जाता है। किसान परिवार सहित मजदूरों को लगाकर जल्द से जल्द फसल को सुरक्षित करने में जुटे हैं। हालांकि, इस बार उड़द की कम पैदावार किसानों की चिंता बढ़ा रही है। हालात यह हैं कि कई किसानों को फसल से लागत निकलना भी मुश्किल नजर आ रहा है। बारिश के कारण उड़द की फसल को खेत में अधिक समय तक खड़ा रखना किसानों के लिए जोखिम भरा है। धूप निकलते ही किसान पकी फसल की कटाई कर उसे खेतों में ही सुखाने के लिए फैला रहे हैं। अ'छी तरह सूखने के बाद थ्रेसिंग कर दाना अलग किया जाएगा। किसान धर्मेंद्र यादव ने बताया कि उनके करीब 8 बीघा खेत में उड़द की फसल लगी है। आसपास के गांवों से मजदूर बुलाकर तेजी से कटाई कराई जा रही है, ताकि मौसम दोबारा खराब होने से पहले फसल को सुरक्षित किया जा सके।



### दो बीघा में 70-80 किलो उत्पादन

जिन किसानों ने उड़द की थ्रेसिंग करा ली है, उनकी चिंता और बढ़ गई है। किसानों के अनुसार कई खेतों में उत्पादन बेहद कम निकल रहा है। करीब दो बीघा खेत से महज 70 से 80 किलो उड़द निकलने की स्थिति सामने आ रही है। इतनी कम पैदावार में बीज, खाद, दवा, मजदूरी और अन्य कृषि खर्च निकालना किसानों के लिए मुश्किल हो रहा है। किसानों का कहना है कि मौसम की मार का असर इस बार फसल के उत्पादन पर साफ दिखाई दे रहा है।

### धूप निकलते ही खेतों में बढ़ी हलचल

पिछले तीन दिनों से तेज धूप निकलने के बाद खेतों में कृषि कार्य तेजी से शुरू हो गए हैं। किसान कटाई के साथ कटी हुई फसल को सुखाने में जुटे हैं। खेतों में जगह-जगह उड़द की कटी फसल के ढेर और उसे सुखाने का काम दिखाई दे रहा है। किसानों की कोशिश है कि मौसम साफ रहने के दौरान अधिक से अधिक फसल की कटाई और थ्रेसिंग का काम पूरा कर लिया जाए।

### सोयाबीन में येलो मोजेक ने बढ़ाई परेशानी

उड़द के साथ अब सोयाबीन की फसल को लेकर भी किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश के बाद कई खेतों में येलो मोजेक बीमारी का असर दिखाई देने लगा है। धूप निकलते ही किसान बीमारी से प्रभावित फसल को बचाने के लिए खेतों में दवाओं का छिड?ाव कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि एक ओर उड़द की कम पैदावार ने परेशान किया है, वहीं सोयाबीन में बीमारी का प्रकोप नई चिंता बन गया है। कृषि विभाग के अधिकारी सूर्यभान सिंह थानेश्वरी ने बताया कि उड़द की फसल की कटाई का समय होने के कारण किसान खेतों में तेजी से काम कर रहे हैं। वहीं सोयाबीन की फसल में बीमारी से बचाव के लिए किसानों को आवश्यक दवाओं का छिड?ाव करने की सलाह दी जा रही है। किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या इस समय फसल की कम पैदावार है। किसानों का कहना है कि खेती में लगातार बढ़ती लागत के बीच यदि उत्पादन इतना कम रहा तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। अब किसानों की निगाहें फसल के भाव और शेष खेतों से होने वाले उत्पादन पर टिकी हैं।

## जनविश्वास अभियान को लेकर बैठक में दिखी सख्ती, कहा - काम में कोई लापरवाही न हो

**चिचोली, देशबन्धु।** बुधवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष में जनविश्वास अभियान के तहत सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार आयोजित की गई।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों, उनके निराकरण की स्थिति तथा विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें तथा आमजन की समस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में तहसीलदार चिचोली श्याम सिंह उईके, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चिचोली प्रतिभा जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे अधिकारियों को जनविश्वास अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप नागरिकों को शासकीय सेवाओं का समय पर लाभ उपलब्ध कराने एवं विभागीय कार्यों में प्रभावी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए वही आमजनों की समस्यायों का जल्द से जल्द निपटारा करे। वही अगामी समय में चिरापाटला मे शिविर आयोजित करने की रुप रेखा बनाई गई जहा जन विश्वास अभियान में समस्यायों का निराकरण किया जा सके ।

### नगर परिषद पर बिना अनुमति सागौन के पेड़ काटकर ले जाने का आरोप, एसपी से शिकायत

## अनुमति प्रक्रिया का इंतजार भी नहीं किया, 7 सात पेड़ों को काटकर हटा दिया

**बैतूल, देशबन्धु।** शाहपुर के वार्ड क्रमांक 11, पाठई रोड क्षेत्र में निजी जमीन से सात सागौन के पेड़ काटकर ले जाने का मामला सामने आया है। 63 वर्षीय स्वर्णलता डेनियल ने आरोप लगाया है कि उनकी निजी भूमि से सागौन के पेड़ों को नगर परिषद की जेसीबी और ट्रैक्टर से काटकर उठाया गया और ले जाया गया। उन्होंने मामले की शिकायत शाहपुर थाने के बाद बैतूल एसपी से की है।

स्वर्णलता डेनियल के अनुसार खसरा नंबर 37/10/1/1 स्थित उनकी निजी भूमि पर सरकारी रिकॉर्ड में 15 सागौन के पेड़ दर्ज हैं। इनमें से सात पेड़ उनकी जानकारी और अनुमति के बिना काटकर हटा दिए गए। उन्होंने इन पेड़ों की अनुमानित कीमत 10 से 12 लाख रुपए बताई है।

**पेड़ काटने की अनुमति के लिए किया था आवेदन:**शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने 26 जून 2026 को ऑनलाइन आवेदन कर निजी भूमि पर लगे सागौन के पेड़ों को काटने की अनुमति मांगी थी। उनका आरोप है कि अनुमति की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही सात पेड़ों को काटकर हटा दिया गया। उन्होंने नगर परिषद शाहपुर के अध्यक्ष और कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है। स्वर्णलता डेनियल का आरोप है कि उनकी जमीन से काटे गए सागौन के पेड़ों को नगर परिषद के वाहन से शाहपुर स्थित मोक्षधाम ले जाया गया। उन्होंने प्रशासन से जांच की मांग की है कि पेड़ों को किसके निर्देश पर काटा गया और नगर परिषद की जेसीबी व ट्रैक्टर से उन्हें किस आधार पर उठाकर ले जाया गया।



### जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई के बाद करें नुकसान की भरपाई

स्वर्णलता डेनियल ने 13 अगस्त को शाहपुर थाने में लिखित शिकायत की थी। इसके बाद 31 अगस्त को बैतूल एसपी को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने पेड़ों की बरामदगी, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई और आर्थिक नुकसान की भरपाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने नगर परिषद अधिकारी को भी आवेदन देकर मामले की जांच कराने की मांग की है। अब उनका कहना है कि प्रशासन जांच कर यह स्पष्ट करे कि निजी भूमि से सात सागौन के पेड़ किसके निर्देश पर और किस अनुमति के आधार पर काटे गए तथा उन्हें नगर परिषद की जेसीबी और ट्रैक्टर से कहां ले जाया गया।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### किसान मोर्चा की नई जिला कार्यसमिति घोषित, प्रमेश राजपूत बने मीडिया प्रभारी

**बैतूल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला बैतूल की नई जिला कार्यसमिति की घोषणा की गई है। इसमें प्रमेश राजपूत को जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं और किसान मोर्चा पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

जिला अध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल के नेतृत्व में गठित कार्यसमिति में विभिन्न कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई हैं। कार्यसमिति का गठन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, संभागीय संगठन प्रभारी कालदेव सिंह, किसान मोर्चा संभागीय प्रभारी राजेन्द्र सिंह राजपूत, जिला संगठन प्रभारी सुरेश गुप्ता और भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार की सहमति से किया गया है।

### आयुष विभाग ने 13 केंद्रों पर कराया गर्भ संस्कार कार्यक्रम, दी समझाइश

**बैतूल, देशबन्धु।** आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन के आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत सुप्रजा योजना का जिले में सतत संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर के नेतृत्व एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

9 सितंबर को आयोजित गर्भ संस्कार कार्यक्रम में जिले की 464 गर्भवती महिलाओं ने लाभ लिया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि सुप्रजा कार्यक्रम प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को जिले के सभी 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित कुल 13 स्थानों पर आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ गर्भस्थ शिशु के मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास को बेहतर बनाना है।

### मनोज मालवे के जन्मदिन पर उमड़ा उत्साह, जिलेभर से पहुंचे समर्थक

**आमला,देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं कांग्रेस नेता मनोज मालवे का जन्मदिन रतेड़ा रोड स्थित दादाजी दयालु लॉन में उत्साहपूर्वक मनाया गया। समारोह में बैतूल जिलेभर से कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समर्थक, व्यापारी और पत्रकार शामिल हुए। पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुखदेव पांसे ने आमला पहुंचकर मनोज मालवे को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं। वहीं प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स आमला के अध्यक्ष मोहम्मद आसीफ लंघा के नेतृत्व में पत्रकारों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। समारोह में आमला, बोरदेही, सारणी सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे।

## तपश्री खेल मैदान की दुर्दशा पर भड़के युवा, बोले-बच्चों के मैदान को बर्बाद नहीं होने देंगे, आयोजन भी बंद होना चाहिए



**चिचोली, देशबन्धु।** नगर के बच्चों एवं युवाओं के प्रमुख तपश्री खेल मैदान की बदहाल स्थिति को लेकर युवाओं एवं खेलप्रेमियों ने तहसीलदार श्याम सिंह उइके को ज्ञापन सौंपकर मैदान के संरक्षण और व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि तपश्री खेल मैदान में जगह-जगह बजरी फैली हुई है, जिससे खिलाड़ियों और बच्चों के चोटिल होने का खतरा बना रहता है। मैदान के बाथरूम की स्थिति भी खराब है तथा पेयजल के लिए लगाया गया ऋह लंबे समय से बंद पड़ा है। इसके अलावा मैदान में शराब सेवन जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने और नियमित निगरानी की मांग भी की गई। आजाद क्लब के संरक्षक सैम आर्य ने कहा कि लगातार सार्वजनिक एवं गैर-खेल आयोजनों के कारण तपश्री खेल मैदान की स्थिति खराब हुई है। टेंट, वाहनों और भारी आवाजाही से मैदान में बजरी फैली हुई है इसलिए मैदान में ऐसे आयोजनों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और इसे केवल खेल गतिविधियों के लिए सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कई बार मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष को भी स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। आजाद क्लब के सदस्य हर्ष भुसारी ने बताया कि तपश्री खेल मैदान बच्चों और युवाओं के लिए खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है, लेकिन वर्तमान में मैदान की स्थिति खिलाड़ियों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। जगह-जगह फैली बजरी, खराब बाथरूम, बंद ऋह और मैदान में होने वाली नशे की गतिविधियों के कारण यहां आने वाले बच्चों और युवाओं को असुविधा होती है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद को तत्काल मैदान का निरीक्षण कराकर सफाई, समतलीकरण और मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करनी चाहिए। मिकिंश आर्य, भानु ठाकुर एवं आयुष देशमुख ने कहा कि तपश्री ग्राउंड के प्रति नगर परिषद की जिम्मेदारी जैसे खत्म हो गई है। मैदान की देखरेख पर नगर परिषद का कोई ध्यान नहीं है। न तो नियमित रूप से सफाई की जाती है और न ही मैदान की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कोई कर्मचारी नजर आता है। लंबे समय से मैदान की बदहाली के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। नियाज़ ख़ान, शुभम सावरकर एवं मुनि सोनी ने बताया कि खेल मैदान बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य एवं शारीरिक विकास से सीधे जुड़ा है। इसलिए मैदान को खेल गतिविधियों के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित रखना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने मैदान से बजरी हटाकर समतलीकरण कराने तथा मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त एवं तपश्री खेल मैदान को उसके मूल उद्देश्य के अनुरूप विकसित एवं संरक्षित करने की माँग की है। ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से सैम आर्य, हर्ष भुसारी, मिक्की आर्य, भानु ठाकुर, नियाज़ ख़ान, शुभम सावरकर, मूनी सोनी, ऋषभ आर्य, राजिक ख़ान, हर्षित आर्य, अभिनव आर्य, अज़हर ख़ान, अयूब ख़ान एवं आर्यांश आर्य सहित आधा सैकड़ा से अधिक युवा एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## ऋण पुस्तिका के लिए भटक रहा बुजुर्ग किसान

### कलेक्टर से शिकायत, जनसुनवाई में पहुंचकर लगाई गुहार



**बैतूल, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत हिवरखेड़ के किसान बुधराव धोटे ने कृषि भूमि के बंटवारे और अलग ऋण पुस्तिका बनाए जाने में हो रही देरी को लेकर कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन दिया।

उन्होंने तहसील प्रभातपट्टन के नायब तहसीलदार यशवंत गिननारे की शिकायत करते हुए मामले का निराकरण कराने की मांग की है। किसान ने आवेदन में बताया कि उनके पिता स्व. काशया धोटे ने जीवित रहते पुश्तैनी कृषि भूमि का तीन पुत्रियों और दो पुत्रों के बीच बंटवारा कर दिया था। सभी अपने-अपने हिस्से की भूमि पर खेती कर रहे हैं।

अपने हिस्से की अलग ऋण पुस्तिका बनवाने के लिए उन्होंने करीब चार माह पहले तहसील कार्यालय में आवेदन दिया था, लेकिन अब तक बंटवारे की फरद तैयार नहीं की गई है। बुधराव धोटे का आरोप है कि मामले के निराकरण के लिए उन्हें बार-बार पेशी पर बुलाया गया। कुछ अवसरों पर नायब तहसीलदार के कार्यालय में मौजूद नहीं मिलने से उन्हें वापस लौटना पड़ा। बुजुर्ग होने के कारण बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने में भी परेशानी हो रही है। मामले को लेकर किसान ने कलेक्टर से शीघ्र निराकरण की मांग की।

### भाजपा कार्यशाला में सेवा संकल्प अभियान पर मंथन

**आठनेर,देशबन्धु।** भाजपा नगर मंडल आठनेर की कार्यसमिति एवं सेवा संकल्प अभियान की एक दिवसीय कार्यशाला बुधवार को शिवाजी लॉन में आयोजित हुई। इसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों और सेवा संकल्प अभियान को लेकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मंथन किया। जिला महामंत्री कृष्णा गायकी ने बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के तीन वर्ष के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष गोवर्धन राने, मंडल प्रभारी नरेंद्र गड़ेकर सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यशाला में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चिरापाटला मंडल की कार्यशाला में सेवा संकल्प अभियान की रूपरेखा पर की चर्चा

**बैतूल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी चिरापाटला मंडल की मंडल कार्य समिति-2026 एवं सेवा संकल्प अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला पदाधिकारियों, मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजकों, बूथ अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने बताया कि कार्यशाला में आगामी सेवा संकल्प अभियान, संगठन विस्तार, बूथ सशक्तीकरण तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर शासन की योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

मुख्य वक्ता भाजपा जिला महामंत्री एवं मंडल प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र सेवा, संगठन और राष्ट्र प्रथम है। प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा भावना के साथ जनता के बीच पहुंचे और संगठन की रीति-नीति से लोगों को अवगत कराए कार्यशाला में भाजपा अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष संतोष टेकाम, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष चिरौंजीलाल कवड़े, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामलाल कलम, जिला पंचायत सदस्य सावित्री शिवराज उईके, मंडल महामंत्री अश्विन राठौर एवं रामपाल भलावी सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मटकी फोड़ प्रतियोगिता में आमला की टीम ने मारी बाजी, 51,111 रुपए जीते

### डीजे बॉयज की टीम के साथ हुआ हादसा, नीचे गिर पड़े

**मुलताई देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस के अवसर पर, मंगलवार रात फवारा चौक पर दही हांडी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम देखने मुलताई सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शाम 8:00 बजे महा आरती के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की , आयोजन रात 11:30 बजे तक चलता रहा। इसमें करीब 12 लोगों की टीमों ने हिस्सा लिया । दहीहंडी में मुलताई और आसपास के क्षेत्र के अलावा बाहर की करीब एक दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया था। टीमों ने मानव पिरामिड बनाकर ऊंचाई पर बांधी गई मटकी फोड़ने के प्रयास किए। शुरुआत में मटकी करीब 50 फीट ऊंचाई पर बांधी गई थी, लेकिन सुरक्षा को देखते हुए उसे घटा कर 40 फीट पर बांधा गया।

**मटकी फोड़ते समय तीन युवक हुए घायल:** दूसरे राउंड के दौरान आमला की डीजे बॉयज टीम के साथ हादसा हो गया। मटकी के पास पहुंचने पर ऊपर चढ़े एक युवक का संतुलन बिगड़ गया, और वह नीचे गिर गया। उसके साथ दो अन्य युवक भी घायल हो गए। मौके पर मौजूद एंबुलेंस से तीनों को निजी अस्पताल पहुंचाया । मटकी फूटते ही फवारा चौक जय श्री कृष्ण के जयकारों और तालिया से गूंज उठा। विजेता आमला की डीजे बॉयज टीम को आयोजन करता अनंत ऑटोमोबाइल संचालक ऊपेंद्र पाठक की ओर से 51,111 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था के इंतजाम भी किए गए थे।दहीहंडी में मुलताई और आसपास के क्षेत्र के अलावा बाहर की करीब एक दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया था। टीमों ने मानव पिरामिड बनाकर ऊंचाई पर बांधी गई मटकी फोड़ने के प्रयास किए। शुरुआत में मटकी करीब 50 फीट ऊंचाई पर बांधी गई थी, लेकिन सुरक्षा को देखते हुए उसे घटा कर 40 फीट पर बांधा गया।



## 70 श्रद्धालु खाटू श्याम दर्शन के लिए श्रद्धा के साथ रवाना, बाबा के जयकारों से गूंजा नगर



**मुलताई, देशबन्धु।** पुण्य सरला मां ताप्ती की पवित्र नगरी मुलताई से, लगभग 70 श्रद्धालुओं का एक बड़ा जत्था, बुधवार को खाटू श्याम दर्शन के लिए रवाना हुआ। श्याम की हवेली खाटू श्याम महिला मंडल की ओर से, आयोजित इस यात्रा में, श्रद्धालु पहले बस से बैतूल पहुंचे यहां से ट्रेन से जयपुर और फिर बस से खाटू श्याम जी पहुंचेंगे। रवाना होने के दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के जयकारे लगाए।

### झिरपा रोड निर्माण की मांग को लेकर युवाओं ने विधायक से की मुलाकात

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी के बुधवार को बनखेड़ी आगमन पर युवा मित्र मंडल की टीम ने झिरपा रोड निर्माण की मांग को लेकर उनसे मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान युवाओं ने सड़क निर्माण से संबंधित पूर्व में किए गए पत्राचार सहित पूरी फाइल विधायक को सौंपी।

विधायक नागवंशी ने युवाओं को बताया कि वे भी पिछले कई वर्षों से झिरपा रोड निर्माण के लिए प्रयासरत हैं और इस मांग को लगातार शासन स्तर पर उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी इस सड़क को बजट में शामिल किया गया था, लेकिन किसी कारणवश निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। विधायक ने पुन: आश्वासन देते हुए कहा कि सड़क निर्माण की मांग को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और झिरपा रोड का निर्माण जरूर कराया जाएगा। इस दौरान युवा मित्र मंडल से सत्यनारायण साहू, आकाश पांडे, हेमंत सोनी, आदिल शेख, शुभम पांडे, संजीव, हिमांशु बसेड़िया, विवेक पांडे, फैज कुरैशी सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

## एसडीएम-तहसीलदार को हटाने की मांग, भूख हड़ताल की चेतावनी

### *आमला में प्रशासन के खिलाफ किसान संघर्ष समिति ने खोला मोर्चा*

**आमला/ बैतूल, देशबन्धु।** किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार यदुवंशी ने आमला एसडीएम और तहसीलदार को पद से हटाने की मांग की है। उन्होंने प्रेस को जारी बयान में अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आम नागरिकों और ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शिकायतों की उचित सुनवाई नहीं होने से लोगों में असंतोष है।

यदुवंशी ने आरोप लगाया कि उनके द्वारा जनहित और ग्रामीण समस्याओं से जुड़े कई आवेदन एसडीएम कार्यालय में दिए गए, लेकिन अपेक्षित न्यायसंगत कार्रवाई नहीं हुई। कुछ मामलों में नियम विरुद्ध आदेश जारी किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। उन्होंने अधिकारियों के कार्यकाल में पारित संदेहास्पद और कथित नियम विरुद्ध आदेशों की उच्च स्तर पर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक व्यवस्था पर राजनीतिक दबाव हावी होने से आम जनता का लोकतांत्रिक व्यवस्था से भरोसा डगमगा रहा है। किसान संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि मांगों पर निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई नहीं हुई तो समिति और पीड़ित नागरिक लोकतांत्रिक तरीके से भूख हड़ताल करेंगे।

## शिवधाम झिरी मार्ग निर्माण के लिए पहुंचे बड़े पाइप, ग्रामीण बोले- काम की गति बहुत धीमी



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन तहसील के पाबल पंचायत अंतर्गत, झिरी शिव धाम मंदिर पहुंच मार्ग पर ,पानी निकासी की समस्या के समाधान के लिए,पहल शुरू हो गई है।जिससे अब यह सड़क मार्ग जल्द बनाने की उम्मीद है।सड़क निर्माण कार्य में पानी निकासी के लिए बड़े पाइपों की एक खेप आ चुकी है। जिससे श्रद्धालुओं में हर्ष व्याप्त है। पानी निकासी के लिए कांक्रीट पाइप हेतु स्वीकृत राशि के बाद, आज पाइप मौके पर पहुंच गए हैं। जल्द ही रपटों का निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इस पहल से बारिश के दौरान मंदिर पहुंच मार्ग पर होने वाले जलभराव से श्रद्धालुओं एवं शिव भक्तों को राहत मिलेगी। गौर तलब है कि इस कार्य हेतु, क्षेत्रीय विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने दो लाख रुपए की राशि स्वीकृत कराई है।

शिव भक्तों का कहना है कि, स्वीकृत राशि के बाद भी कार्य की गति धीमी है। सावन माह में श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों को हो रही परेशानी को देखते हुए, किसी ग्रामीण के द्वारा सड़क पर मुरम डाला गया था। सड़क के दोनों ओर नाली खोदी गई। नाली से निकले मुरम की गुणवत्ता और मात्रा को लेकर भी ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। शिव भक्तों का कहना है कि, 2 लाख की स्वीकृत राशि से वास्तव में कितना कार्य हुआ ,और कितनी राशि खर्च हुई, यह स्पष्ट होना चाहिए। यदि कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता या राशि के दुरुपयोग की आशंका सामने आती है, तो शिव भक्तों द्वारा आवेदन के माध्यम से कार्य की स्वीकृति, खर्च और पूर्ण हिसाब-किताब की जानकारी मांगी जाएगी।झिरी शिव धाम मंदिर पहुंच मार्ग को लेकर शिव भक्तों द्वारा पहले भी स्थायी सड़क निर्माण की मांग को लेकर तहसील कार्यालय में मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन सौंपे गए हैं। तथा क्षेत्रीय विधायक को भी समस्या से अवगत कराया गया है। शिव भक्तों की मांग की है अस्थायी मरम्मत नहीं, झिरी शिव धाम मंदिर तक स्थायी एवं मजबूत सड़क का निर्माण हो,और राशि का दुरुपयोग नहीं किया जाए।

